अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली, सोमवार, 25 अगस्त 2025
PAGE NO : IV MIDDLE

# तरंगिनी में भरतनाट्यम के गुरुओं और विद्यार्थियों का अद्भुत प्रदर्शन


रिद्धिमा में भरतनाट्यम की प्रस्तुति देते नन्हें कलाकार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को तरंगिनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें भरतनाट्यम के गुरुओं और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना श्रीकृष्ण गोविंदा से हुई, जिसे भरतनाट्यम के विद्यार्थियों आद्या ग्रोवर, वान्या, मेहर, आद्या गुप्ता, अनिका, अंबिका, अनंशी, अद्विका, चिरन्या, तानिशी, पर्या, बंदगी, राध्या, बाँबी, सान्वी, भाव्या, संस्कृति, आद्या कात्रा, सव्या, नीतू, अनुरति ने प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने अंगीकम, स्त्रोत अधरम मधुरम, शिव कीर्तनी, स्वागतम कृष्णा, नाग स्तुति और शिव स्तुति पर भी प्रतिभा दिखाई। अप्सरा अली की वाद्य प्रस्तुति पर भी विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। भरतनाट्यम गुरु राबिन ए और तनया भट्टाचार्य ने मंच पर आकर अपने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। राबिन ए ने चंद्र मौलि और तनया भट्टाचार्य ने कृष्ण शब्दम को भरतनाट्यम के जरिये प्रस्तुत कर अपनी नृत्य पारंगता सिद्ध की। भरतनाट्यम फ्यूजन पर दोनों गुरुओं ने एक साथ मंच साझा दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. रीटा शर्मा आदि मौजूद रहे।